# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग

सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर – 492001

दूरभाष क्र. –0771–4048788 फैक्सः 4073553

*www.cserc.gov.in, e-mail: cserc.sec.cg@nic.in*

CSERC
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग


क्रमांक 13–स्था./02/06/2026/1634 दिनांक : 11/09/2026

## आयोग में वाहन चालक (अ.ज.जा.) के रिक्त 01 पद हेतु दिनांक 27/09/2026 को लिखित परीक्षा हेतु परीक्षार्थी के लिये आवश्यक दिशानिर्देश

| सं. क्र. | परीक्षा का नाम | संवर्ग | परीक्षा केन्द्र का नाम एवं पता | परीक्षा की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाहन चालक के पद पर सीधी भर्ती | अ.ज.जा. | शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सडडू, रायपुर | 27/09/2026 (रविवार) | दोप. 12:00 बजे से 01:30 बजे तक |
| उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र में पूर्वान्ह 11:45 बजे के बाद प्रवेश नही दिया जावेगा। | | | | | |

1. कृपया प्रवेश–पत्र के सभी पेज का प्रिंटआउट पृथक–पृथक पेज में प्रिंट करें, क्योंकि प्रवेश–पत्र की आयोग की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। प्रवेश–पत्र सभी पात्र उम्मीदवारों को स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित कर दिया गया है। जिन पात्र उम्मीद्वारों को प्रवेश–पत्र प्राप्त नही होता है, वे उम्मीद्वार आयोग कार्यालय या परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से 1 घंटे पूर्व उपस्थित होकर प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते है।
2. परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र के साथ फोटो पहचान–पत्र के रूप में मतदाता पहचान–पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
3. अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो ले कर परीक्षा केंद्र में आवें।
4. परीक्षार्थी परीक्षा के दिन, परीक्षा प्रारंभ होने के समय से कम से कम 1 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में अनिवार्यतः उपस्थित होवे, जिससे परीक्षा सम्बन्धी समस्त औपचारिकताएँ समय पर पूर्ण की जा सके।
5. प्रश्न पत्र में कुल 60 प्रश्न होंगे एवं प्रत्येक प्रश्न 1/2 (आधा) अंक का होगा। इस प्रकार कुल 30 अंको का प्रश्न–पत्र होगा।
6. परीक्षा का माध्यम हिन्दी होगा।
7. उत्तर गलत होने पर ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
8. हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आयें। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मेहरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित है।
9. परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लाये। एक प्रश्न का उत्तर देने के लिए विकल्प अ,ब,स,द में से केवल एक गोले को पूर्णतः भरें। चिन्ह, टिक, क्रास या एक से अधिक गोले भरने पर गलत उत्तर माना जाएगा।
10. परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रिानिक उपकरण, इलेक्ट्रिानिक घड़ी, पर्स टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।
11. कौशल परीक्षा के समय प्रवेश पत्र मांगा जायेगा। इसलिए इसे सुरक्षित रखें।
12. निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यार्थी को परीक्षा देने से वंचित कर दिया जायेगा। परीक्षा में अनुचित साधनो का प्रयोग करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
13. लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार यात्रा किराये की पात्रता होगी। यात्रा व्यय का भुगतान उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर किया जावेगा।
14. परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक के द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक होगा। पर्यवेक्षक या कर्मचारियों से अनुचित या आपत्तिजनक व्यवहार चयन के लिए अयोग्य माना जायेगा।
15. लिखित परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिका की सत्यापित छायाप्रति आपको उपलब्ध करायी जावेगी।
16. लिखित परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्रों में दर्शित प्रश्नों के उत्तर आयोग की वेबसाईट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध करायी जावेगी।

11/9/26

उप सचिव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग